नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), जमुई।

Web : www.atmajamui.com, E-mail : pdatmajamui@gmail.com, Phone/Fax : 06348-232700

आदेश

नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलोजी के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रकल्चरल एक्सटेंशन (आत्मा योजना) के अधीन आत्मा, जमुई में प्रखंड स्तर के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं लेखापाल के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधारित नियोजन हेतु विभाग द्वारा वेबसाईट के माध्यम से इन पदों पर नियोजन हेतु ऑन लाईन आवेदन ली गई थी। जिसके सापेक्ष्य में दिनांक 23.01.2019 से 16.02.2019 तक विभिन्न पदों पर अलग–अलग तिथियों को उपस्थित सभी अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग / साक्षात्कार, आत्मा, जमुई के सभागार में की गई थी।

अभ्यर्थियों के काउंसिलिंग में पाई गयी कई प्रकार की विसंगतियों के आधार पर कई जिला से मांगे गये सुझाव के क्रम में प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 993 दिनांक 22.07.2019 द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला चयन समिति आत्मा, जमुई द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार आत्मा, जमुई के आयोजित की गई सभी काउंसिलिंग / साक्षात्कार को रद्द किया जाता है।

2. निदेशक, बामेती, बिहार, पटना के पत्रांक 1035 दिनांक 29.07.2019 द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं लेखापाल के प्रखंड स्तरीय संविदा आधारित आरक्षित एवं गैर आरक्षित रिक्त पदों पर जमुई जिला के लिए आवेदित अभ्यर्थियों का पुनः काउंसिलिंग / साक्षात्कार का आयोजन **समाहरणालय, जमुई स्थित संवाद कक्ष** में पूर्वाह्न 11.00 बजे से संध्या 04.00 बजे तक किया जाएगा, जिसे पदवार निम्नवत तिथियों को निर्धारित किया जाता है–

क्र0 सं0	पदवार काउंसिलिंग / साक्षात्कार	निर्धारित तिथि	अभ्युक्ति
1	प्रखंड तकनीकी प्रबंधक	06–08 अगस्त, 2019	जमुई जिला के लिए आवेदित सभी अभ्यर्थी
2	सहायक तकनीकी प्रबंधक	09–10 एवं 13–14 अगस्त, 2019	जमुई जिला के लिए आवेदित सभी अभ्यर्थी
3	लेखापाल	18–19 अगस्त, 2019	लेखापाल के रिक्त पद पर काउंसिलिंग हेतु सिर्फ पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आवेदित अभ्यर्थी ही भाग लेंगे।

3. जमुई जिला के लिए आवेदित सभी अभ्यर्थियों को निदेशित किया जाता है कि उपर्युक्त निर्धारित तिथियों को सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति, 2 फोटोग्राफ्स (पासपोर्ट साईज), ऑनलाईन आवेदन की एक छायाप्रति एवं सभी प्रमाण पत्रों का एक सेट (छायाप्रति में) अपने साथ लाना सुनिश्चित करेंगे। मूल प्रमाण पत्र साथ नहीं लाने की स्थिति में उस अभ्यर्थी का काउंसिलिंग / साक्षात्कार नहीं किया जाएगा, जिसके वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

4. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक 13062 दिनांक 12.10.2017 के द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत सरकारी सेवाओं की नियुक्ति में दिव्यांगों को देय क्षैतिज आरक्षण का लाभ लेने हेतु संबंधित आवेदित अभ्यर्थी कंडिका–3 में उल्लेखित सभी प्रमाण पत्रों के साथ–साथ दिव्यंगता प्रमाण पत्र मूल रूप में साथ लाना सुनिश्चित करेंगे। दिव्यंगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने पर किसी भी रूप में दिव्यांगजनों को देय आरक्षण का लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा।

5. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक 2526 दिनांक 18.02.2016 के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी के पोता, पोती, नाती, नतिनी को देय क्षैतिज आरक्षण का लाभ लेने हेतु संबंधित आवेदित अभ्यर्थी कंडिका–3 में उल्लेखित सभी प्रमाण पत्रों के साथ–साथ स्वतंत्रता सेनानी के पोता, पोती, नाती, नतिनी होने का सक्षम प्राधिकार द्वारा जारी प्रमाण पत्र मूल रूप में साथ लाना सुनिश्चित करेंगे। प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने पर किसी भी रूप में स्वतंत्रता सेनानी के पोता, पोती, नाती, नतिनी को देय आरक्षण का लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा।

30/7/2019

परियोजना निदेशक–सह–
नियोजन प्राधिकार, आत्मा, जमुई।

ज्ञापांक– **260** दिनांक :– **30.07.2019**

प्रतिलिपि– सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचनार्थ प्रेषित।

30/7/2019

परियोजना निदेशक–सह–
नियोजन प्राधिकार, आत्मा, जमुई।

ज्ञापांक– **260** दिनांक :– **30.07.2019**

प्रतिलिपि– सभी सदस्य, जिला चयन समिति, आत्मा, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/7/2019

परियोजना निदेशक–सह–
नियोजन प्राधिकार, आत्मा, जमुई।

ज्ञापांक– **260** दिनांक :– **30.07.2019**

प्रतिलिपि– जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला चयन समिति, आत्मा, जमुई/निदेशक, बामेती, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

30/7/2019

परियोजना निदेशक–सह–
नियोजन प्राधिकार, आत्मा, जमुई।